# EDULOG की PARENT PORTAL ऐप
# माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## सामान्य

**Q: Edulog का Parent Portal क्या है? इसका इस्तेमाल करने के लिए साइन अप कैसे किया जाए?**

A: Education Logistics, Inc. (Edulog) की Parent Portal मोबाइल ऐप माता-पिता और देखभालकर्ताओं के साथ स्कूल परिवहन की योजनाबद्ध और वास्तविक जानकारी साझा करने में स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स की मदद करती है। यह ऐप विद्यार्थी के स्कूल बस स्टॉप के योजनाबद्ध समय और स्थान के ऊपर नवीनतम जानकारी प्रदान करती है। इसके जरिए स्कूल बस का स्थान देखा जा सकता है और यह ऐप बस के बस स्टॉप के निकट पहुंचने पर सावधान करती है। Edulog के स्टूडेंट राइडरशिप मॉड्यूल के साथ, माता-पिता और देखभालकर्ताओं को उनके विद्यार्थी द्वारा बस में चढ़ते और उतरते समय RFID कार्ड रीडर पर अपने आईडी कार्ड स्वाइप करने के साथ ही नोटिफ़िकेशन मिल जाती है।

Google प्ले स्टोर या Apple ऐप स्टोर में से Edulog Parent Portal डाउनलोड करें। “Edulog Parent Portal” खोजें और गहरे नीले-हरे रंग की पृष्ठभूमि पर सफ़ेद बस वाली ऐप चुनें।

एक बार ऐप डाउनलोड करने पर, अपने ईमेल पते के इस्तेमाल से साइन अप करें।

नोट: Edulog की अन्य पैरेंट ऐप, Parent Portal Lite में सफ़ेद पृष्ठभूमि पर गहरे नीले-हरे रंग की बस देखने को मिलती है, इसलिए ऐप को ध्यान से डाउनलोड करें। यहाँ QR कोड की तस्वीर का इस्तेमाल करते हुए सही ऐप तक पहुंचा जा सकता है।

**Q: क्या कोई स्पैनिश संस्करण मौजूद है?**

A: हाँ। एक बार ऐप इंस्टाल करने पर SETTING टैब पर भाषा को अंग्रेज़ी से बदल कर स्पैनिश किया जा सकता है। अपनी पसंद की भाषा में जारी रखने के लिए SAVE अवश्य चुनें।

**Q: क्या मुझे अपने हर बच्चे के लिए अलग से पंजीकरण कराना पड़ेगा?**

A: अपने स्कूल डिस्ट्रिक्ट के लिए बस एक बार पंजीकरण करें। एक बार पंजीकरण कर आप उन सभी विद्यार्थियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जिनकी सुरक्षा जानकारी आपके पास मौजूद है।

### अब जबकि आपने ऐप को इंस्टाल कर लिया है, आइए शुरुआत करते हैं

**Q: Parent Portal में विद्यार्थी का पंजीकरण किस प्रकार से किया जाए?**

A: STUDENT LIST टैब में जाएं “+” आइकॉन चुनें या ADD STUDENT बटन दबाएं। अपने विद्यार्थी का पंजीकरण करने के लिए आपके पास 5 चीज़ों की जानकारी होनी चाहिए जिससे कि सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

1. विद्यार्थी का पहला नाम (स्पेलिंग सही होनी चाहिए)
2. विद्यार्थी का अंतिम नाम (स्पेलिंग सही होनी चाहिए)
3. स्कूल जहां विद्यार्थी पढ़ता है।
4. विद्यार्थी की जन्मतिथि
5. विद्यार्थी का आईडी नंबर, जो स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा निर्धारित किया जाता है।

**Q: मेरे विद्यार्थी के पहले या अंतिम नाम की स्पेलिंग अक्सर गलत बोली जाती है या उसके नाम की एक से ज़्यादा स्पेलिंग हैं। ऐप में उसकी जानकारी तक पहुंचने के लिए मैं किस स्पेलिंग का इस्तेमाल करूं?**

A: आपको पहले और अंतिम नाम की उस स्पेलिंग का इस्तेमाल करना चाहिए जो कि स्कूल डिस्ट्रिक्ट की विद्यार्थी सूचना प्रणाली द्वारा इस्तेमाल स्पेलिंग से मेल खाती हो।

**Q: मुझे SCHOOL फील्ड भरते समय अपने विद्यार्थी का स्कूल ढूँढने में परेशानी हो रही है। मुझसे क्या चूक हो रही है?**

A: अपने विद्यार्थी का स्कूल चुनने के दो तरीके हैं।

1. पहला तरीका है स्कूल के नाम से खोज करना। स्कूल का नाम लिखने के साथ ही आपको उस नाम से पूर्ण रूप से या आंशिक तौर पर मेल खाते नाम दिखाई देंगे। जैसे कि, Booker T. Washington स्कूल के लिए, आप “Booker” या “Washington” लिखना शुरू करें और मेल खाते स्कूलों की सूची सामने आ जाएगी।

2. इसके अलावा, आप स्कूल फील्ड के दाईं ओर स्थित मैप के छोटे से आइकॉन पर क्लिक कर मैप के ऊपर स्कूल का पता लगा कर स्कूल स्थान पर दिखाए आइकॉन को चुन सकते हैं।

**Q: मेरे विद्यार्थी के लिए PENDING या REJECTED दिखाया जा रहा है। मुझे क्या करना चाहिए?**

A: आमतौर पर, विद्यार्थी पंजीकरण में PENDING या REJECTED तब दिखाया जाता है जब सभी 5 सुरक्षा फील्ड मेल नहीं खाते हैं। ऐप में इस विद्यार्थी का चयन कर आप दर्ज किया गया डेटा देख कर और उसकी जांच कर स्पेलिंग में गलती जांच सकते हैं। नाम की स्पेलिंग या डिस्ट्रिक्ट आईडी नंबर के बारे में अगर आपको कोई पूछताछ करनी है, तो आपको विद्यार्थी के स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

**Q: अपनी ऐप से विद्यार्थी को कैसे डिलीट किया जाए?**

A: STUDENT टैब में से, उस विद्यार्थी के नाम के ऊपर से बस बाईं ओर स्वाइप करें। इसी प्रक्रिया का इस्तेमाल कर PENDING या REJECTED पंजीकरण को भी डिलीट किया जा सकता है।

## ऐप इस्तेमाल करने का तरीका

**Q: HOME टैब से क्या जानकारी मिलती है?**

A: HOME टैब से आप अपनी ऐप के ऊपर जोड़े गए प्रत्येक विद्यार्थी के लिए ट्रिप की मूल जानकारी देख सकते हैं। आमतौर पर, यह सुबह और दोपहर की ट्रिप होती है। प्रत्येक ट्रिप के लिए इस ऐप में विद्यार्थी का नाम, यदि ट्रिप के लिए नोटिफ़िकेशन चालू हैं या नहीं, पिकअप और ड्रॉप-ऑफ के निर्धारित समय और बस नंबर को दिखाया जाता है। ट्रिप को अगली पिकअप या ड्रॉप-ऑफ समय के क्रम में दिखाया जाता है।

**Q: होम स्क्रीन के सबसे ऊपर दाईं ओर लिफाफे के आइकॉन का क्या मतलब होता है?**

A: आपका स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवहन विभाग ऐप का इस्तेमाल कर रहे माता-पिता और अन्य लोगों को संदेश भेज सकता है। संदेश विशिष्ट व्यक्तियों को या उन व्यक्तियों को भेजा जा सकता है जिनके विद्यार्थियों को विशिष्ट बस रूट निर्धारित किया गया है। ऐप उपयोगकर्ताओं को उनके फ़ोन पर नोटिफ़िकेशन के तौर पर ये संदेश प्राप्त होते हैं। लिफाफे वाला आइकॉन चुनने से आप पहले प्राप्त संदेश देख सकते हैं।

**Q: पिकअप और ड्रॉप-ऑफ समय का क्या मतलब होता है? क्या दूरी महत्व रखती है?**

A: HOME टैब या ट्रांसपोर्टेशन शेड्यूल स्क्रीन पर पिकअप और ड्रॉप-ऑफ के लिए स्थान और समय की योजना स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा बनाई जाती है। अगर डिस्ट्रिक्ट सप्ताह के अलग-अलग दिनों पर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्टेशन शेड्यूल कायम रखता है, तो वह योजनाबद्ध जानकारी भी यहाँ दिखाई जाती है। MY BUS टैब पर योजनाबद्ध बस स्टॉप से वर्तमान में बस की दूरी की जानकारी दी जाती है।

**Q: बस आइकॉन के जरिए तारीख और समय दिखाया जाता है। इसका क्या मतलब होता है?**

A: MY BUS टैब पर बस आइकॉन के बगल में स्कूल बस के लिए रिपोर्ट किया गया अंतिम समय दिखाया जाता है।

**नोट**: ऐप उपयोगकर्ताओं को समझना चाहिए कि अगर बस स्थान का हालिया जानकारी उपलब्ध नहीं है, तो हो सकता है GPS सिग्नल में समस्या हो या संचार से जुड़ी अन्य कोई समस्या हो। ऐसे मामले में विद्यार्थियों को अपने सामान्य समय पर बस आने के अपेक्षित समय से 5 मिनट पहले अपने बस स्टॉप पर रिपोर्ट करनी चाहिए।

**Q: मुझे हमारी स्कूल बस की लोकेशन क्यों नहीं दिख रही है?**

A: स्कूल डिस्ट्रिक्ट के पास विकल्प होता है कि कब मैप पर बस आइकॉन को दिखाया जाए। कई डिस्ट्रिक्ट बस आइकॉन केवल तभी दिखाते हैं जब बसें रूट पर चल रही हैं।

**Q: क्या होगा अगर मैप गलत हो?**

A: Edulog की Parent ऐप डिस्प्ले के लिए अपने मूल मैप के तौर पर Google मैप का इस्तेमाल करती है। कोई मैप स्रोत एकदम सही नहीं होता है, लेकिन हमने पाया है कि Google मैप का डेटा ऐप का समर्थन करने के लिए पर्याप्त रूप से सही है। दुर्भाग्य से, Edulog के पास Google के मूल मैप को तुरंत सही करने की क्षमता नहीं है। आप https://www.google.com/maps में उनके "फीडबैक भेजें" के जरिए Google मैप में सीधे जानकारी प्रदान कर सकते हैं।


**Q: मेरे विद्यार्थी का ट्रांसफर एक अन्य बस में किया गया है। ऐप इस बदलाव को कैसे संभालेगी?**

A: विद्यार्थी के डेटा को एक्सेस करने के लिए आपके द्वारा दर्ज स्कूल वह स्कूल है जहां वह पढ़ता/पढ़ती है। ऐसा हो सकता है कि स्कूल पहुँचने से पहले उन्हें किसी दूसरी बस में ट्रांसफर कर दिया जाए। हालांकि, बस के "होम" स्कूल बस स्टॉप पर पहुँचते ही सुबह के अलर्ट भेज दिए जाते हैं। यानी कि आपको उस बस की लोकेशन दिखाई देगी जो विद्यार्थी को मूल बस स्टॉप से पिकअप करती है, संभव है घर के निकट से। इसी प्रकार से दोपहर में बस के "होम" बस स्टॉप के निकट पहुँचने के साथ ही आपको बस दिखाई देगी और बस के उस स्टॉप के निकट पहुँचने के साथ ही नोटिफ़िकेशन प्राप्त होगी।

**Q: हमारे घर का पता बदल गया है (डिस्ट्रिक्ट में या उसके भीतर)। ऐप का इस्तेमाल कब आरंभ किया जा सकता है?**

A: एक्टिवेट होने का समय आपके स्कूल डिस्ट्रिक्ट पर निर्भर करता है। वह बदलाव के अगले दिन या डिस्ट्रिक्ट द्वारा लागू 2-3 के शेड्यूल के भीतर उपलब्ध कराई जा सकती है।

## नोटिफ़िकेशन की प्राप्ति




**Q: अपने विद्यार्थी के बस में चढ़ने या उतरने की सूचना मुझे कैसे दी जाएगी?**

A: ऐप में नोटिफ़िकेशन ज़ोन स्थापित करने से बस के आपके विद्यार्थी के बस स्टॉप के आसपास आपके द्वारा परिभाषित ज़ोन में प्रवेश करने पर आपको अलर्ट मिलते हैं। नोटिफ़िकेशन ज़ोन का मुख्य केंद्र बस स्टॉप है जिसका दायरा 0 से 2 मील हो सकता है। SETTING टैब में नोटिफ़िकेशन को निर्धारित किया और ज़ोन को तैयार किया जाता है। नोटिफ़िकेशन बस लोकेशन पर आधारित होती हैं। कुछ डिस्ट्रिक्ट विद्यार्थियों द्वारा बस "स्वाइप ऑन" या "स्वाइप ऑफ" करने पर नोटिफ़िकेशन प्रदान करते हैं। यह जानकारी STUDENT टैब पर "WHERE'S MY CHILD" पर संग्रहीत की जाती है।

**Q: बस स्टॉप पर बस पहुँचने वाली है पर मुझे नोटिफ़िकेशन कब मिलेगी?**

A: आपको सुबह के बस स्टॉप या दोपहर के बस स्टॉप या दोनों के लिए नोटिफ़िकेशन प्राप्त हो सकता है। हर एक के लिए नोटिफ़िकेशन ज़ोन निर्धारित करें। हर एक का दायरा अलग हो सकता है। उसका निर्धारण इस प्रकार से करें जो हर एक बस रूट के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हो। इसके आगे, नोटिफ़िकेशन के लिए एक टाइम विंडो होती है जिसे आप नियंत्रित भी कर सकते हैं। डिफ़ॉल्ट समय बस स्टॉप के शेड्यूल किए गए समय से एक घंटा पहले से एक घंटे बाद तक का होता है। आप "और नज़दीक" की विंडो रख सकते हैं खासकर अगर आपके इलाके में वही बस शायद किसी अन्य स्कूल के लिए आपके बस रूट से पहले या बाद में कार्य कर रही हो।

**Q: नोटिफ़िकेशन पर कितना भरोसा किया जा सकता है?**

A: नोटिफ़िकेशन ज़ोन के भीतर आपकी बस के आने पर उससे GPS पिंग करते ही तुरंत नोटिफ़िकेशन भेजी जाती हैं। स्कूल बस द्वारा हर 10-20 सेकंड में क्लाउड में ऐप डेटाबेस को GPS पिंग भेजा जाता है। जैसा कि किसी भी टेक्नॉलॉजी के साथ हो सकता है, बाधाओं का आना सामान्य होता है। मोबाइल सेवा में बाधा आने या बस के ऊपर GPS यूनिट के डिसकनेक्ट हो जाने से सेवा की गति धीमी पड़ सकती है। बस के अपेक्षित समय से पहले बस की गतिविधि के लिए ऐप पर निगरानी ज़रूर रखें।

## जानकारी के बारे में

**Q: क्या अन्य ऐप उपयोगकर्ता मेरे विद्यार्थी की जानकारी देख सकते हैं?**

A: नहीं। केवल वही व्यक्ति जिनके पास आवश्यक सुरक्षा फील्ड में जानकारी उपलब्ध है ऐप में विद्यार्थी के परिवहन से जुड़ी जानकारी एक्सेस कर सकते हैं।

**Q: मेरे बस स्टॉप की जानकारी कहाँ से आती है?**

A: आपके विद्यार्थी के बस स्टॉप का योजनाबद्ध समय और लोकेशन Edulog रूट प्रबंधन से आता है जिसका इस्तेमाल आपके स्कूल परिवहन प्रदाता द्वारा किया जाता है।

**Q: क्या मेरे विद्यार्थी की तस्वीर इंटरनेट पर संग्रहीत की जाती है?**

A: नहीं। आपके द्वारा ऐप से संबद्ध की जाने वाली तस्वीरें, जिन्हें या तो आपकी फ़ोटो लाइब्रेरी से लिया गया हो या कैमरे से नए तौर पर खींचा गया हो, उस मोबाइल डिवाइस पर रहती हैं जहां से उन्हें प्राप्त/खींचा गया था। अगर आप ऐप को दो अलग-अलग डिवाइसों पर लोड करते हैं, तो आपको हर डिवाइस से एक तस्वीर को संबद्ध करना होगा।